विचारार्थ विषय

परामर्शदाता- टीकाकरण सामग्री प्रबंधन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से ऊपर उल्लिखित पदों के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर योग्य अभ्यर्थियों से बायोडाटा मांगा है।

पृष्ठभूमि और कार्य का प्रयोजनः

भारत में वैश्विक टीकाकरण कार्यक्रम विश्व में विशालतम सार्जवजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है। कोल्ड चेन सहित वेक्सीन सामग्री प्रबंधन टीकाकरण कार्यक्रम की रीढ़ की हड्डी है। टीकाकरण और वेक्सीन सामग्री प्रबंधन परामर्शदाता, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार में टीकाकरण प्रभाव के राष्ट्रीय कार्यक्रम अधिकारी के पर्यवेक्षण के अधीन राज्य कोल्ड चेन अधिकारियों और राज्य टीकाकरण अधिकारियों के मदद से देश में एक विश्वसनीय वेक्सीन सामग्री प्रबंधन और सूचना प्रणाली की स्थापना में विशेष रूप से सहयोग मिलेगा।

भूमिका और उत्तरदायित्व

परामर्शदाता- टीकाकरण सामग्री प्रबंधन निम्नलिखित कार्यों के लिए उत्तरदायी होगा:

- **योजनाः**
  - कोल्ड चेन और संबंधित तार्किक पूर्वानुमान तैयार करना। राज्य, संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण सहित राष्ट्रीय स्तर पर इन रसदों की मांग तैयार करना और वितरण करना।
  - इन राज्यों के लिए कोल्ड चेन और संबंधित रसद प्रदानगी सारणी विकसित करना और इन और य किसी रसद के रिहाई आदेश को जारी करने में मदद करना।
  - राज्य पीआईपी के संबंधित घटकों की तैयारी में राज्यों के लिए सहायता, विशेष रूप से राज्य स्तर पर वेक्सीन संचालक प्रशिक्षण और टीकाकरण रसद की खरीद जैसे टीकाकरण कार्ड, कोल्डचेन रसद और विभिन्न प्रपत्र।
  - राज्यों के कोल्डचेन अधिकारियों और परामर्शदाताओं तथा वेक्सीन प्रबंधकों के साथ समन्वयन और प्रति माह कोल्ड चेन व संबद्ध रसद स्टॉफ की स्थिति पर सूचना लेना।
- **निगरानीः**
  - राज्यों के लिए कोल्ड चेन और संबंधित रसद प्रदानगी निगरानी मैट्रिक्स विकसित करना तथा ट्रैकिंग के लिए उसका उपयोग करना।
  - राज्य और जिला स्तर पर कोल्ड चेन और संबंधित रसद संचालक प्रशिक्षण की निगरानी करना।
  - नियमित रूप से जीएमएसडी और राज्य स्टोरों पर कोल्ड चेन और संबद्ध रसद उपलब्धता स्थिति को अद्यतन करना।
  - राज्य सीसीओ की राष्ट्रीय समीक्षा बैठक कराना।
  - राष्ट्रीय कोल्ड चेन एमआईएस का क्रियान्वयन और निगरानी कराना।
  - वेक्सीन रसद टीकाकरण प्रणाली- "इलैक्ट्रॉनिक वेक्सीन आसूचना तंत्र(ईवीआईएन)" की निगरानी करना।
- **क्षेत्रीय दौरेः**
  - मंत्रालय की अपेक्षानुसार आवधिक क्षेत्रीय दौरे। सहमत उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए अनुवर्ती कार्रवाई।
- **दी जा रही सहायताः**
  - राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से प्राप्त रिपोर्टों के विश्लेषण सहित विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देना।
- **गुणवत्ता वाली टीकाकरण सेवाओं के लिए तकनीकी सहयोगः**
  - राज्यों के मानकीकृत वेक्सीन रसद प्रबंधन रजिस्टरों के क्रियान्वयन में सहयोग।

- पर्यवेक्षण, निगरानी और क्षेत्रीय स्टाफ को वेक्सीन प्रबंधन में कार्यक्षेत्र प्रशिक्षण उपलब्ध करानाः जीएमएसडी स्टाफ, राज्य और जिला वेक्सीन स्टोरों पर स्टाफ।
- राज्य पीआईपी के प्रशिक्षण घटकों का मूल्यांकन/समीक्षा और इन्हें मजबूत करने के लिए उचित कार्रवाई की सलाह देना। संशोधित राज्य पीआईपी में सुझावों का संतोषजनक ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के लिए जांच करना।
- राष्ट्रीय और राज्य प्रभावी वेक्सीन प्रबंधन मूल्यांकन तथा सुधार योजना तैयारी व क्रियान्वयन हेतु सहायता।

योग्यता:

- स्वास्थ्य प्रबंधन में एमबीए या रसद प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री।
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में 7 वर्ष या अधिक का अनुभव जिसमें से कम से कम 2 वर्ष का अनुभव सरकारी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कोल्ड चेन और वेक्सीन आपूर्ति श्रृंखला में होना चाहिए।
- राज्य और राष्ट्रीय सरकारों के साथ कार्य में अनुभव को अतिरिक्त महत्व दिया जाएगा।
- टीकाकरण कार्यक्रम में अनुभव वांछनीय है।
- वेक्सीन प्रबंधन मूल्यांकन जैसे वीएमएटी, ईवीएसएम और ईवीएम तथा वेक्सीन अपव्यय अध्ययन का अनुभव अतिरिक्त योग्यता होगा।
- विशेष रूप से एमएस ऑफिस में मानक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का ज्ञान।
- रखरखाव/व्याख्या डेटा में प्रवीणता।
- कार्यक्रम प्रबंधन, क्षमता निर्माण और पर्यवेक्षण सहायता में अनुभव वांधनीय है।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में उस स्थिति में छूट दी जा सकती है यदि उच्च गुणवत्ता वाला कार्य प्रकाशित हुआ है या जहां भी विशेष प्रासंगिकता का कार्य अनुभव है।

आयुः अधिकतम 35 वर्ष आवेदन की अंतिम तिथि तक और विस्तृत क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमाः रु.90,000/- से 1,30,000/- रु. के बीच प्रतिमाह।

स्थानः नई दिल्ली।

आवेदन कैसे करें:

कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई-मेल rch.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **09-Nov-2016** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित **संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।